27

अधीनस्थ विधान संबंधी समिति

(2022-2023)

(सत्रहवीं लोक सभा)

सत्ताईसवां प्रतिवेदन

रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में रक्षा विभाग द्वारा प्रशासित विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत अधीनस्थ विधान अर्थात् नियमों/विनियमों आदि को तैयार किए जाने की स्थिति

सत्यमेव जयते

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली

मार्च, 2023/ चैत्र,1945 (शक)

27

अधीनस्थ विधान संबंधी समिति

(2022-2023)

(सत्रहवीं लोक सभा)

सत्ताईसवां प्रतिवेदन

रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में रक्षा विभाग द्वारा प्रशासित विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत अधीनस्थ विधान अर्थात् नियमों/विनियमों आदि को तैयार किए जाने की स्थिति

(24.03.2023 को लोक सभा में प्रस्तुत किया गया)

सत्यमेव जयते

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली
मार्च, 2023/चैत्र,1945 (शक)

सीओएसएल सं. 119 खंड-II

मूल्य: रु._____

(C) 2023 लोक सभा सचिवालय

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम (चौदहवां संस्करण) के नियम 382 के अंतर्गत प्रकाशित और प्रबंधक, भारत सरकार मुद्रणालय, मिन्टो रोड, नई दिल्ली द्वारा मुद्रित।

विषय सूची

		पृष्ठ सं.
एक	समिति की संरचना.....	(ii)
दो	प्राक्कथन.....	(iii)

प्रतिवेदन

एक	रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में रक्षा विभाग द्वारा प्रशासित विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत अधीनस्थ विधान अर्थात् नियमों/विनियमों आदि को तैयार किए जाने की स्थिति	1-18

परिशिष्ट

एक	समिति द्वारा की गई मुख्य टिप्पणियों/सिफारिशों का सार	19-25
दो	दिनांक 29.09.2022 को आयोजित समिति की दूसरी बैठक (2022-23) के कार्यवाही सारांश ।	26-28
तीन	दिनांक 23.03.2023 को आयोजित समिति की बारहवीं बैठक (2022-23) के कार्यवाही सारांश के उद्धरण।	29

अनुबंध

एक	विभिन्न कार्यालयों को भेजी गई रक्षा विभाग की प्रतिक्रियाओं की प्रतियां (अनुबंध ए से आई)	30-55
दो	छावनी अधिनियम, 2006 के तहत बनाए गए नियमों/विनियमों की स्थिति (अनुबंध जे)	56-59

अधीनस्थ विधान संबंधी समिति की संरचना

(2022-2023)

श्री बालाशौरी वल्लभनेनी — सभापति

सदस्य

2. श्री बीमणिक्कम टैगोर .
3. श्री पिनाकी मिश्रा
4. डॉप्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे .
5. श्री चंदेश्वर प्रसाद
6. श्री एन.के. प्रेमचंद्रन
7. श्री सुरेश पुजारी
8. श्री ए. राजा
9. श्री नामा नागेश्वर राव
10. श्री संजय सेठ
11. डॉअमर सिंह .
12. श्री बृजेन्द्र सिंह
13. श्री सु. थिरुनवुक्करासर
14. श्री राम कृपाल यादव
15. श्री अरविन्द गणपत सावंत

सचिवालय

1. श्री विनय कुमार मोहन - संयुक्त सचिव
2. श्री मुरलीधरन पी. - निदेशक
3. श्रीमती जागृति तेवतिया - अपर निदेशक

प्राक्कथन

मै, अधीनस्थ विधान संबंधी समिति का सभापति, समिति द्वारा उसकी ओर से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत किए जाने पर यह सत्ताईसवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूँ।

2. इस प्रतिवेदन में शामिल होने वाले मामलों पर अधीनस्थ विधान संबंधी समिति द्वारा दिनांक 29.11.2022 को हुई बैठक में विचार किया गया, जिसमें रक्षा मंत्रालय में रक्षा विभाग के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य लिए गए।

3. समिति ने 23.03.2023 को हुई अपनी बैठक में इस प्रतिवेदन पर विचार किया और इसे स्वीकार किया।

4. संदर्भ और सुविधा के लिए समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों को प्रतिवेदन के मुख्य भाग में मोटे अक्षरों में मुद्रित किया गया है और प्रतिवेदन के परिशिष्ट-एक में भी पुनः उद्धृत किया गया है।

5. दिनांक 29.09.2022 को आयोजित समिति की दूसरी बैठक **(**2022-23) के कार्यवाही सारांश और इस प्रतिवेदन से संबद्ध समिति दिनांक 23.03.2023 को आयोजित बारहवीं बैठक **(**2022-23) के कार्यवाही सारांश प्रतिवेदन के परिशिष्ट-दो और तीन में शामिल किए गए हैं।

नई दिल्ली;
23 मार्च, 2023
02 चैत्र, 1945 (शक)

बालाशौरी वल्लभनेनी
सभापति,
अधीनस्थ विधान संबंधी समिति

प्रतिवेदन

रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में रक्षा विभाग द्वारा प्रशासित विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत अधीनस्थ विधान अर्थात् नियमों/विनियमों आदि को तैयार किए जाने की स्थिति

क. प्राक्कथन

एक आधुनिक कल्याणकारी राज्य में, सरकारी गतिविधि मानव प्रयास के लगभग हर क्षेत्र में व्याप्त है, इस प्रकार, इस निरंतर बढ़ते जा रहे कार्यकलाप को विनियमित करने के लिए विविध कानूनों के अधिनियमन की आवश्यकता है। हालांकि, विधानमंडल के पास कानून के हर विवरण पर विचार-विमर्श, चर्चा और अनुमोदन के लिए पर्याप्त समय नहीं होता है। इसके अलावा, विधायिका के लिए भविष्य की सभी आकस्मिकताओं की भविष्यवाणी करना मुश्किल है और कार्यकारी अधिकारियों को परिस्थितियों से निपटने के लिए लचीलेपन की आवश्यकता हो सकती है। इस स्थिति में, विधायिका यही कर सकती है कि किसी कानून की नीति और उद्देश्य को विहित करे और, उन सिद्धांतों के अनुरूप, आदेशों/नियमों के रूप में विधिक उपाय के औपचारिक और प्रक्रियात्मक विवरणों को निरूपित करने का कार्य कार्यपालिका पर छोड़ देना चाहिए जिसे अधीनस्थ विधान के रूप में जाना जाता है और विधायिका ऐसा ही करती है।

"अधीनस्थ विधान" शब्द का अर्थ

2. "अधीनस्थ विधान" शब्द सामान्य खंड अधिनियम, 1897 की धारा 20 और 21 में संदर्भित अधिसूचनाओं, आदेशों, योजनाओं, नियमों और उप-नियमों को संदर्भित करता है। भारतीय संदर्भ में, अधीनस्थ विधान शब्द का तात्पर्य संसद अथवा संविधान के अधिनियम के अंतर्गत निरूपित किए गए किसी भी नियमों, विनियमों, आदेशों, योजनाओं, उप-नियमों, विधियों, अध्यादेशों, अधिसूचनाओं या लिखितों से है। ऐसे अधीनस्थ विधानों को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाना चाहिए और संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखा जाना चाहिए, जिससे संसद सदस्यों को यह अवसर मिलता है कि यदि वे चाहें तो ऐसे "आदेश" में संशोधन या सुधार प्रस्तुत कर सकते हैं।

अधीनस्थ विधान संबंधी समिति और इसकी भूमिका

3. चूंकि अधीनस्थ विधान, संविधि का एक महत्वपूर्ण घटक तत्व बन गया है, अतः विधायिका की भूमिका इस निगरानी और जांच करने के लिए महत्वपूर्ण है कि अधीनस्थ विधान, अधिनियम अथवा संविधान की भावना के अनुरूप है और साथ ही संसद या संविधान के अधिनियमों के अंतर्गत प्रदान की गई शक्तियों के अनुरूप कार्यपालिका पर उचित नियंत्रण रखने के लिए भी यह समान रूप से महत्वपूर्ण है। विधान, संसद का एक अंतर्निहित और अविभाज्य अधिकार है और यह सुनिश्चित करना होता है कि अधीनस्थ विधान की आड़ में इस शक्ति को हडप न लिया जाए और न ही इसका अतिक्रमण किया जाए। अधीनस्थ विधान संबंधी समिति, लोक सभा एक ऐसा ही साधन है और इसका गठन इस बात की संवीक्षा करने और सदन को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए किया जाता है कि क्या संविधान द्वारा प्रदत्त या संसद द्वारा प्रत्यायोजित नियमों, विनियमों, उप-नियमों, योजनाओं या अन्य सांविधिक लिखतों को तैयार करने वाली शक्तियों को, इस प्रकार प्रदान किए जाने या प्रत्यायोजन, जैसा भी मामला हो, के भीतर ठीक से प्रयोग किया गया है।

4. यह महत्वपूर्ण है कि विधायिका को आवश्यक विधायी कार्यों को अपने पास निहित रखना चाहिए जिसमें विधायी नीति की घोषणा करना और विधि में रूपांतरित किए जाने के लिए मानक निर्धारित करना शामिल है। ऐसा कार्य जिन्हें प्रत्यायोजित किया जा सकता है, के अधीनस्थ विधान संबंधी कार्य हैं जिनकी स्वयं की प्रकृति संविधि का सहायक के रूप में है जो इसे तैयार करने की शक्ति प्रदान करती है।

<u>अधीनस्थ विधान तैयार करने के संबंध में समिति की महत्वपूर्ण सिफारिशें</u>

5. संविधि को पूरी तरह से केवल तभी लागू किया जा सकता है जब अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित सभी अधीनस्थ विधान समय पर तैयार किए गए हों। समिति ने अपनी कार्यवाही के दौरान यह पाया है कि मंत्रालयों ने नियमों/विनियमों को तैयार करने में पर्याप्त समय लिया है और इसलिए अधिनियम आंशिक रूप से कार्यान्वित किए गए है या कार्यान्वित नहीं किए गए हैं। अतः, समिति ने मंत्रालयों द्वारा नियमों/विनियमों को तैयार करने में विलंब के संबंध में अत्यंत महत्वपूर्ण सिफारिशें/टिप्पणियां की हैं। समिति ने 5 मई, 1959 को प्रस्तुत अपने पाँचवे प्रतिवेदन में निम्नवत् सिफारिश की है;

> *"34. समिति का विचार है कि सामान्यतया अधिनियम के प्रारंभ होने के बाद यथाशीघ्र अधिनियम के अंतर्गत नियम बनाए जाने चाहिए और किसी भी स्थिति में यह अवधि छह महीने से अधिक नहीं होनी चाहिए। यदि अधिनियम के लागू होने के बाद उचित अवधि के भीतर कोई नियम नहीं बनाया जाता है तो समिति मामले को संबंधित मंत्रालय के साथ उठाएगी और सदन को उन मामलों की रिपोर्ट देगी जहां यह महसूस किया गया है कि नियम बनाने में अनुचित देरी हुई है।"*

6. समिति ने अपने 18वें प्रतिवेदन (पांचवी लोक सभा) के पैरा 108 में आगे सिफारिश की है कि यदि कोई मंत्रालय इस समय सीमा अर्थात् 6 महीने का अनुपालन करने में समर्थ नहीं है तो उसे नियम निरूपण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय का विस्तार मांगना चाहिए। समिति की सिफारिश इस प्रकार है:

> "समिति अपनी पूर्ववर्ती सिफारिश पर पुनः बल देती है कि सामान्यत: अधिनियम के प्रारंभ होने के बाद यथाशीघ्र अधिनियम के अंतर्गत नियम बनाए जाने चाहिए और किसी भी स्थिति में यह अवधि 6 महीने से अधिक नहीं होनी चाहिए। हालांकि, यदि कोई मंत्रालय/विभाग यह पाता है कि किसी अपरिहार्य कारण से उनके लिए एक अपवादात्मक मामले में निर्धारित समय-सीमा का पालन करना संभव नहीं है, तो उन्हें संबंधित अधिनियमों के प्रारंभ होने से 6 महीने की समाप्ति पर, समिति को कारणों की व्याख्या करनी चाहिए और समिति से विशिष्ट समय विस्तार माँगना चाहिए।"

7. तथापि समिति ने पाया कि अधिकाँश मंत्रालय नियम/विनियम निरूपित करने के लिए समिति द्वारा विहित 6 महीने की समयसीमा का अनुपालन नहीं कर रहे हैं। समिति ने नोट किया कि नियम बनाने में देरी एक बार-बार होने वाली घटना बन गई है और जिन मामलों को वैधानिक नियमों द्वारा नियंत्रित करने की मांग की जाती है, वे अक्सर सही तरीके से तैयार किए गए वैधानिक नियमों के अभाव में दिशानिर्देशों आदि के कार्यकारी निर्देशों द्वारा शासित होते हैं। इस प्रकार

संसद द्वारा पारित अधिनियमों के अंतर्गत नियमों का समय पर निरूपण सुनिश्चित करने के लिए, समिति ने 6 मार्च, 1996 को प्रस्तुत अपने 24वें प्रतिवेदन (10वीं लोकसभा) में निम्नानुसार सिफारिश की: -

.1" प्रारूप नियमों का निर्माण प्रस्तावित विधेयक के प्रारूपण के साथ-साथ शुरू किया जाना चाहिए ताकि विधेयक को सदन में पेश किए जाने तक प्रारूप नियम तैयार हो जाएं।

.2 जब भी कोई विधेयक संसद में पेश किया जाता है और विशेष रूप से वे विधेयक जो एक आयोग या न्यायाधिकरण की स्थापना का प्रस्ताव करते हैं, तो विधेयक के साथ प्रत्यायोजित विधान के ज्ञापन में इस आशय का एक 'नोट' होना चाहिए कि मसौदा नियम भी इस विधेयक के अंतर्गत तैयार किए गए हैं।

.3 लंबे अंतर-मंत्रालयी पत्राचार या जहां कानून मंत्रालय या अन्य मंत्रालयों/विभागों के साथ परामर्श शामिल है, वहां इसके कारण अनुचित देरी को दूर करने के लिए, संबंधित मंत्रालय को सभी संबंधित एजेंसियों की बैठकें बुलानी चाहिए ताकि मामलों को लंबे पत्राचार में उलझे बिना जल्द से जल्द सुलझाया जा सके।

.4 इस संदर्भ में समिति ने नियम बनाने/निरीक्षण करने के लिए सरकार के प्रत्येक मंत्रालय/विभाग में विशेष रूप से स्वयं के एक विधि अधिकारी की सेवाओं पर भी विचार किया।

विधि अधिकारी विधि मंत्रालय से हो सकता है जिसे संबंधित मंत्रालय द्वारा प्रतिनियुक्ति पर लिया जा सकता है। समिति पहले ही कुछ मंत्रालयों से परामर्श कर चुकी है जिन्होंने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। समिति महसूस करती है कि इस तरह की व्यवस्था निश्चित रूप से प्रत्येक मंत्रालय/विभाग के लिए विधि मंत्रालय से संपर्क करने की आवश्यकता को समाप्त कर देगी, जब नियम बनाने/निरीक्षण करने की आवश्यकता होती है, और परिणामी देरी से बचा जा सकता है।

अतः समिति ने इच्छा व्यक्त की थी कि भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को संसद द्वारा पारित अधिनियमों के अंतर्गत नियमों का समय पर निर्धारण सुनिश्चित करने की दृष्टि से समिति की पूर्वोक्त सिफारिशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए।"

8. समिति ने अपने 18वें प्रतिवेदन (5वीं लोक सभा), 8वें प्रतिवेदन (छठी लोक सभा), चौथे और तेरहवें प्रतिवेदन (8वीं लोक सभा), पहले और तेरहवें प्रतिवेदन (14वीं लोक सभा), 27वें और 31वें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में इस अधिनियम के अंतर्गत नियम बनाने के लिए बार-बार अपनी सिफारिशों को दोहराया है। समिति ने 8वीं लोक सभा के अपने चौथे प्रतिवेदन के पैरा 21 (18-12-1985 को सभा पटल पर रखा गया) में मंत्रालयों हेतु अधीनस्थ विधान के संबंध में अपनी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए उपयुक्त दिशानिर्देश तैयार करने की भी सिफारिश की थी। इस सिफारिश के अनुसरण में, संसदीय कार्य मंत्रालय ने इस विषय पर विस्तृत दिशानिर्देश तैयार किए थे जिन्हें 18-09-1986 को सभी मंत्रालयों/विभागों को अग्रेषित कर दिया गया था। इन दिशानिर्देशों को भारत सरकार में संसदीय प्रक्रिया की नियमावली के अधीनस्थ विधान से संबंधित अध्याय 11 में भी दिया गया है।

9. इसके अतिरिक्त, समिति द्वारा नियम बनाने के लिए समय विस्तार के संबंध में, संसदीय कार्य मंत्रालय ने भारत सरकार में संसदीय प्रक्रियाओं की नियमावली के पैरा 11.3.2 में विशेषरूप से निम्नानुसार उल्लेख किया है-

> "यदि विभाग छह माह की निर्धारित अवधि के भीतर नियम बनाने में सक्षम नहीं होता है, तो उन्हें इस तरह के समय विस्तार के कारणों का उल्लेख करते हुए अधीनस्थ विधि संबंधी समिति से समय विस्तार की मांग करनी चाहिए; इस तरह का समय विस्तार एक बार में तीन माह की अवधि से अधिक नहीं दिया जाएगा। मंत्री महोदय से अनुरोध प्राप्त करने के बाद अनुमोदन किया जाना चाहिए।"

10. तथापि, ऐसे विस्तृत दिशा-निर्देशों के रहने के बावजूद, विभिन्न मंत्रालयों द्वारा समिति की सिफारिशों का निष्ठापूर्वक पालन नहीं किया जा रहा है। कई मामलों में मंत्रालय अपने विलंब के लिए क्षमा मांगते हैं और समिति की सिफारिशों/टिप्पणियों को भविष्य के अनुपालन के लिए नोट किया जाता है और समिति द्वारा इंगित किए जा रहे नियमों में कमियों को भी दूर किया जाता है।

11. तदनुसार इस सचिवालय के दिनांक 25.06.2021, 17.08.2021, 25.10.2021, 10.11.2021, 09.12.2021, 30.05.2022 और 12.07.2022 के कार्यालय ज्ञापनों के द्वारा रक्षा मंत्रालय में रक्षा विभाग को उनके द्वारा तैयार किए गए नियमों/विनियमों की स्थिति के बारे में बताने के लिए कहा गया। विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत अधीनस्थ विधानों को तैयार करने की स्थिति से संबंधित विभाग द्वारा दिनांक 17.12.2021, 3.3.2022 और 18.7.2022 के पत्रों द्वारा प्रस्तुत विवरण के अवलोकन पर, यह पाया गया कि समिति की बारंबार की गई सिफारिशों का उल्लंघन किया गया है। विभाग ने उपर्युक्त पत्र के बाद ही छावनी अधिनियम, 2006 के अंतर्गत तैयार किए गए अधीनस्थ विधानों की स्थिति प्रदान करते हुए एक विवरण प्रस्तुत किया। अतः, यह देखा गया है कि बारंबार पत्र भेजे जाने के बावजूद, विभाग ने उनके द्वारा प्रशासित किए जा रहे अन्य सभी अधिनियमों के अंतर्गत तैयार किए गए नियमों/विनियमों की स्थिति के बारे में नहीं बताया है। इस प्रकार, समिति ने इस तथ्य का संज्ञान लिया और दिनांक 29 नवंबर, 2022 को रक्षा मंत्रालय में रक्षा विभाग के प्रतिनिधियों के साथ अधीनस्थ विधान अर्थात् विभाग द्वारा प्रशासित विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत तैयार किए गए नियमों/ विनियमों आदि की स्थिति पर संक्षिप्त जानकारी देने के लिए एक बैठक आयोजित की।

ख. <u>रक्षा मंत्रालय में रक्षा विभाग की पृष्ठभूमि, लक्ष्य और उद्देश्य</u>

12. विभाग की पृष्ठभूमि, लक्ष्य और उद्देश्यों को संक्षेप में प्रस्तुत करते हुए, विभाग ने दिनांक 26.11.2021 के अपने पृष्ठभूमि टिप्पण में निम्नवत् बताया है**:-**

(i) पृष्ठभूमि

स्वतंत्रता के बाद, एक कैबिनेट मंत्री के प्रभार में रक्षा मंत्रालय की स्थापना की गई थी और प्रत्येक सेना को अपने स्वयं के कमांडर-इन-चीफ के अधीन रखा गया था। वर्ष 1955 में कमांडर-इन-चीफ का नाम बदलकर थल सेनाध्यक्ष, नौसेनाध्यक्ष और वायुसेनाध्यक्ष कर दिया गया। नवंबर 1962 में, रक्षा उपकरणों के अनुसंधान, विकास और उत्पादन से संबंधित कार्यों के लिए रक्षा उत्पादन विभाग की स्थापना की गई थी। नवंबर, 1965 में, रक्षा आवश्यकताओं के आयात प्रतिस्थापन के लिए योजनाओं के नियोजन और निष्पादन के लिए रक्षा आपूर्ति विभाग बनाया गया था। इन दोनों विभागों को बाद में रक्षा उत्पादन और आपूर्ति विभाग बनाने के लिए विलय कर दिया

गया था। वर्ष 2004 में, रक्षा उत्पादान और आपूर्ति विभाग का नाम बदलकर रक्षा उत्पादान विभाग कर दिया गया। वर्ष 1980 में, रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग की स्थापना की गई थी। वर्ष 2004 में भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग की स्थापना की गई। वर्ष 2019 में, संसाधनों के इष्टतम उपयोग को सुविधाजनक बनाने और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को बढ़ावा देने के उद्देश्यों से सैन्य कार्य विभाग नामक एक नया विभाग स्थापित किया गया था।

मंत्रालय के प्रमुख कार्य, रक्षा और सुरक्षा से संबंधित मामलों पर नीति निर्देश तैयार करना और सेना मुख्यालयों, अंतर-सेना संगठनों, उत्पादन प्रतिष्ठानों और अनुसंधान एवं विकास संगठनों को कार्यान्वयन के लिए सूचित करना है। सरकार के नीति निर्देशों के प्रभावी कार्यान्वयन और आवंटित संसाधनों के भीतर अनुमोदित कार्यक्रमों के निष्पादन को सुनिश्चित करना आवश्यक है।

(ii) रक्षा विभाग के लक्ष्य और उद्देश्य

13. रक्षा मंत्रालय के तहत डीओडी के लक्ष्य और उद्देश्य निम्नानुसार हैं:-

रक्षा विभाग भारत की रक्षा और रक्षा नीति सहित उसके प्रत्येक भाग के लिए अनिवार्य है। यह अंतर-सेना संगठनों, रक्षा लेखा विभाग, रक्षा संपदा विभाग, कैंटीन भंडार विभाग (सीएसडी), भारतीय तट रक्षक बलों, राष्ट्रीय कैडेट कोर, सीमा सड़क संगठन, सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा अध्ययन और विश्लेषण संस्थान, राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज आदि से संबंधित है। यह रक्षा बजट, रक्षा भूमि और छावनियों, संसद से संबंधित मामलों और विदेशों के साथ रक्षा सहयोग के लिए जिम्मेदार है। रक्षा सचिव इसके प्रमुख होते हैं जिनकी सहायता के लिए महानिदेशक (अधिग्रहण), अपर सचिव और संयुक्त सचिव होते हैं। रक्षा सचिव रक्षा मंत्रालय में अन्य विभागों अर्थात डीएमए, डीडीपी, डीईएसडब्ल्यू और डीडीआरएंडडी के कार्यकलापों के समन्वय के लिय भी जिम्मेदार है।

(iii) विभाग द्वारा प्रशासित अधिनियम

14. दिनांक 29.11.2022 को आयोजित समिति के समक्ष रक्षा मंत्रालय में रक्षा विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा संक्षिप्त जानकारी दिए जाने के दौरान, समिति ने मुख्य रूप से निम्नवत् बिंदुओं पर बल दिया:

i. विभाग द्वारा प्रशासित किए जा रहे विभिन्न अधिनियम/संशोधन अधिनियम;

ii. विभाग द्वारा प्रशासित किए जा रहे विभिन्न अधिनियमों/संशोधन अधिनियमों के अंतर्गत केंद्र सरकार के विधायन को प्रत्यायोजित शक्ति का विवरण;

iii. विभाग द्वारा प्रशासित किए जा रहे विभिन्न अधिनियमों (समय-समय पर संशोधित) या भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के अंतर्गत नियमों/विनियमों को तैयार करने की स्थिति;

iv. उन लंबित नियमों/विनियमों की स्थिति, जिन्हें तैयार किया जाना अपेक्षित है और इन्हें तैयार करने में विलंब के कारण;

v. विभिन्न अधिनियमों/संशोधन अधिनियमों के अंतर्गत नियम/विनियम तैयार करने के लिए लोक सभा के अधीनस्थ विधान संबंधी समितियों से विभाग द्वारा समय को बढ़ाने से संबंधित मांग का ब्योरा;

vi. विभिन्न अधिनियमों/संशोधन अधिनियमों के अंतर्गत तैयार किए गए सभी नियमों/विनियमों को सभा पटल पर रखने की स्थिति;

vii. विभाग द्वारा अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए नियमों/विनियमों को लोक सभा के पटल पर रखने में विलंब के उदाहरण**,** यदि कोई हों।

15. विभाग के प्रतिनिधियों ने 29.11.2022 को आयोजित संक्षिप्त जानकारी दिए जाने हेतु आयोजित बैठक के दौरान, समिति को बताया कि विभाग द्वारा निम्नवत् अधिनियम प्रशासित किए जाते हैं:-

(क) छावनी अधिनियम, 2006;
(ख) सशस्त्र बल अधिकरण अधिनियम, 2007;
(ग) तटरक्षक अधिनियम, 1978;
(घ) राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिनियम, 1948;
(ङ) रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903; और
(च) छावनी (गृह- आवास) अधिनियम, 1923.

ग. <u>विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत नियमों/विनियमों/संविधियों आदि को तैयार करने की स्थिति प्रस्तुत करना।</u>

16. लोकसभा सचिवालय की अधीनस्थ विधान संबंधी समिति ने दिनांक 25 जून, 2021 के अपने कार्यालय ज्ञापन और उसके पश्चात् दिनांक क्रमशः दिनांक 17 अगस्त, 2021, 25 अक्टूबर, 2021, 10 नवंबर, 2021, 9 दिसंबर, 2021, 30 मई, 2022 और 12 जुलाई, 2022 को भेजे गए स्मरण पत्रों द्वारा तैयार किए गए नियमों/विनियमों की स्थिति, तैयार नहीं किए गए नियमों/विनियमों के बारे में, समिति से समय बढ़ाने के लिए की गई मांग का विवरण, विभाग द्वारा प्रशासित किए जा रहे विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत तैयार किए गए नियमों/विनियमों को सभा पटल पर रखे जाने का विवरण और रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत कार्य करने वाले अन्य संगठनों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए रक्षा मंत्रालय से अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त, दिनांक 29 नवंबर, 2022 को आयोजित संक्षिप्त जानकारी देने हेतु आयोजित बैठक के दौरान मंत्रालय से तैयार किए गए नियमों/विनियमों को दोनों सभाओं के पटल पर रखे जाने की तिथियां प्रदान करने के लिए कहा गया।

17. उत्तर में, रक्षा विभाग ने दिनांक 26.11.2022 को प्रस्तुत किए गए अपने पृष्ठभूमि टिप्पण में विभाग द्वारा प्रशासित निम्नवत् पांच अधिनियमों का विवरण प्रस्तुत किया:-

(1) छावनी अधिनियम, 2006

यह अधिक से अधिक लोकतंत्रीकरण प्रदान करने, विकासात्मक गतिविधियों हेतु प्रावधान बनाने के लिए उनके वित्तीय आधार में सुधार और उससे जुड़े या प्रासंगिक मामलों के लिए छावनियों के प्रशासन से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करने के लिए एक अधिनियम है।

(2) राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) अधिनियम 1948

यह राष्ट्रीय कैडेट कोर के गठन के लिए प्रावधान संबंधी अधिनियम है।

(3) सशस्त्र बल न्यायाधिकरण अधिनियम 2007

यह सेना अधिनियम, 1950, नौसेना अधिनियम, 1957 और वायु सेना अधिनियम, 1950 अधीन व्यक्तियों के संबंध में कमीशन, नियुक्तियों, नामांकन और सेवा की शर्तों के संबंध में विवादों और शिकायतों का सशस्त्र बल न्यायाधिकरण द्वारा न्यायनिर्णयन या परीक्षण प्रदान करने के लिए एक अधिनियम है और उक्त अधिनियमों के तहत कोर्ट मार्शल के आदेशों, निष्कर्षों या निर्णयों से उत्पन्न होने वाली याचिकाओं और उससे जुड़े या प्रासंगिक मामलों के लिए भी प्रदान प्रावधान करने के लिए भी यह अधिनियम है।

(4) तट रक्षक अधिनियम 1978

समुद्री क्षेत्रों में समुद्री और अन्य राष्ट्रीय हितों के संरक्षण की दृष्टि से भारत के समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संघ के एक सशस्त्र बल के गठन और विनियमन के लिए और उससे जुड़े मामलों के लिए एक अधिनियम।

(5) रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903

इस अधिनियम का उद्देश्य रक्षा कार्यों के आसपास के क्षेत्र में भूमि के उपयोग और लाभ पर प्रतिबंध लगाना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्यों/ रक्षा के कार्यों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवास, निर्माण और अन्य गतिविधियों को एक तरह से सुगम बनाया जा सके। और साथ ही साथ रक्षा के कार्यों के आसपास बसने वाली आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित करना और दूसरी ओर संभावित प्रतिबंधों वाली ऐसी भूमि में रुचि रखने वाले व्यक्तियों को उचित मुआवजे का भुगतान करना।

18. दिनांक 29.11.2022 को आयोजित संक्षिप्त जानकारी दिए जाने हेतु आयोजित बैठक के दौरान, रक्षा विभाग ने समिति को अवगत कराया कि विभाग निम्नलिखित छह अधिनियमों को प्रशासित करता है:

(i) छावनी अधिनियम, 2006
(ii) सशस्त्र बल न्यायाधिकरण अधिनियम 2007
(iii) तट रक्षक अधिनियम 1978
(iv) राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) अधिनियम 1948
(v) छावनी (गृह- आवास) अधिनियम, 1923
(vi) रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903

19. विभाग और अन्य संगठनों द्वारा प्रशासित किए जा रहे सभी अधिनियमों के अंतर्गत नियम/विनियम आदि तैयार करने की अद्यतन स्थिति और उन्हें प्रस्तुत करने के संबंध में, विभाग ने दिनांक 26.11.2022 के अपने पृष्ठभूमि टिप्पण में निम्नवत् बताया:-

"यह उल्लेख किया जाता है कि वर्तमान में रक्षा विभाग द्वारा तैयार किए जा रहे विभिन्न अधिनियमों के तहत बनाए जाने वाले सभी नियम/विनियमों को तैयार किया गया है और इसे संसद के दोनों सदनों में रख दिया गया है । अधीनस्थ विधायन संबंधी समिति लोक सभा और राज्य सभा, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय को विभिन्न अवसरों पर छावनी अधिनियम, 2006 के तहत बनाए गए नियमों/ विनियमों के बारे में स्थिति से अवगत कराया गया है। सीओएसएल, लोक सभा, राज्य सभा और मंत्रिमंडल सचिवालय को यह भी सूचित कर दिया गया है कि छावनी अधिनियम, 2006 के तहत तैयार किए गए सभी नियम/विनियम के संबंध में की गई सभी कार्रवाईयां पूर्ण हैं । सीओएसएल, लोक सभा सचिवालय के दिनांक 12.07.2022 के पिछले कार्यालय ज्ञापन जिसमें यह उल्लिखित है कि इस मामले को पूरा माना जाए और यह आपके अवलोकनार्थ अनुबंध-क से झ के रूप में संलग्न है।"

सिफारिशें/ टिप्पणियां

20. समिति नोट करती है कि रक्षा विभाग द्वारा प्रशासित किए जा रहे अधिनियमों का विवरण प्रस्तुत करते समय, विभाग ने अपने पृष्ठभूमि नोट दिनांक 26.11.2022 में केवल 5 अधिनियमों की सूची प्रस्तुत की थी और छावनी (गृह आवास) अधिनियम, 1923 के बारे में उल्लेख नहीं किया था जो कि बाद में विभाग द्वारा जोड़ा गया। विभाग की वेबसाइट के होमपेज पर भी इस तरह की असंगति पाई गई है, जहां उपरोक्त 6 अधिनियमों के अलावा 'अधिनियमों और नियमों' के आइकन के तहत, ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021, भारतीय रिजर्व बल अधिनियम, 1888, वायु सेना अधिनियम, 1950, नौसेना अधिनियम, 1957, सेना अधिनियम, 1950, सेना और वायु सेना (निजी संपत्ति का निपटान) अधिनियम, 1950 जैसे अन्य अधिनियम और कुछ और अधिनियम दिखाए गए हैं। मंत्रालय ने विभाग से बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद विभाग द्वारा वास्तव में प्रशासित किए जा रहे अधिनियमों की स्पष्ट सूची नहीं दी।

21. समिति चिंता के साथ आगे नोट करती है कि मंत्रालय द्वारा प्रशासित किए जा रहे सभी अधिनियमों के संबंध में, अभी तक तैयार नहीं किए अथवा तैयार किए गए नियमों/विनियमों की स्थिति को दिए गए प्रारूप में उपलब्ध कराए जाने के संबंध में बार-बार अनुस्मारक भेजने के बावजूद, विभाग ने केवल छावनी अधिनियम, 2006 के संबंध में स्थिति उपलब्ध कराई और अन्य अधिनियमों के संबंध में, विवरण प्रस्तुत करने की बजाय, विभाग ने केवल यह उल्लेख किया कि, रक्षा विभाग द्वारा प्रशासित किए जा रहे विभिन्न अधिनियमों के तहत बनाए जाने वाले सभी नियम/विनियम तैयार कर संसद के दोनों सदनों में रखे गए हैं।

22. समिति विभाग द्वारा संसदीय समिति को ऐसी असंगत और अधूरी जानकारी प्रस्तुत किए जाने को गंभीरता से लेती है। इस प्रकार, समिति का मत है कि जब किसी संसदीय समिति द्वारा कोई जानकारी मांगी जाती है, तो विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपेक्षित प्रारूप में पूरी जानकारी समिति को समय से प्रस्तुत की जाए। गलत और अधूरी सूचना प्रस्तुत करना मंत्रालय/विभाग में गंभीरता की कमी को दर्शाता है।

23. इस प्रकार, समिति अधीनस्थ विधान तैयार करने के प्रति मंत्रालय के इस लापरवाहीपूर्ण दृष्टिकोण पर गंभीर चिंता व्यक्त करती है और समिति का यह भी दृढ़ मत है कि जब मंत्रालय को एक संसदीय समिति द्वारा उनके द्वारा प्रशासित किए जा रहे विभिन्न अधिनियमों के तहत बनाए गए और दोनों सदनों के सभा पटल पर रखे गए नियमों की स्थिति उपलब्ध कराने को कहा गया तो मंत्रालय का ईमानदार प्रयास समिति को निर्धारित प्रारूप में सही अद्यतन जानकारी संकलित करके प्रस्तुत कराने का होना चाहिए था। इसलिए, समिति मंत्रालय को इसके लिए एक त्रुटिरहित प्रणाली विकसित करने और यदि आवश्यक हो तो अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का निदेश देती है ताकि अधीनस्थ विधान तैयार करने से संबंधित निर्धारित प्रक्रिया, जैसा कि संसदीय प्रक्रिया की

नियमावली में विस्तार से उल्लेख किया गया है, का अक्षरश: पालन किया जा सके। मंत्रालय को उसके द्वारा प्रशासित अथवा कार्यान्वित किए जा रहे अधिनियमों तथा नियमों/विनियमों/अध्यादेशों/संविधियों आदि की स्थिति का ब्यौरा मंत्रालय के वेबपेज पर अद्यतन करने के लिए एक प्रणाली भी विकसित करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसे नियमित रूप से अद्यतन भी किया जाए। समिति को इस संबंध में की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए।

घ. <u>तैयार किए गए नियमों/विनियमों को सभा पटल पर रखने की स्थिति</u>

<u>सभा पटल पर रखने की सांविधिक आवश्यकता –</u>

24. कार्यपालिका द्वारा स्वेच्छ शक्तियों के अभिग्रहण करने के विरूद्ध महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों में से एक यह है कि कार्यपालिका द्वारा प्रत्यायोजित शक्तियों के प्रयोग में बनाए गए नियमों को न केवल विधायिका के समक्ष रखा जाना चाहिए, बल्कि विधायिका के पास इन्हें रद्द करने या संशोधित करने का वैधानिक अधिकार भी होना चाहिए। समिति ने, नियम बनाने की शक्ति प्रदान करने वाले विधेयकों में समाविष्ट करने के लिए निम्नलिखित प्रावधानों को स्वीकृति दी है: -

> *"इस अधिनियम के अधीन केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया प्रत्येक नियम उसके बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र, संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल तीस दिन की अवधि के लिए रखा जाए, जो एक सत्र में या दो या अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी और यदि पूर्वोक्त सत्र या आनुक्रमिक सत्रों के ठीक बाद के सत्र के अवसान से पूर्व दोनों सदन उस नियम में कोई परिवर्तन या उसे निष्प्रभावी करने के लिए सहमत हो जाएं तो तत्पश्चात् यथास्थिति वह ऐसे परिवर्तित रूप में ही प्रभावी होगा या निष्प्रभावी होगा। किंतु उस नियम के ऐसे परिवर्त्तित या निष्प्रभावी होने से उसके अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।"*

<u>नियमों/विनियमों को सभा पटल पर रखने की समय सीमा</u>

25. समिति ने छठे प्रतिवेदन (तीसरी लोक सभा) के पैरा 38 में की गई अपनी सिफारिशों में से एक निम्नवत् सिफारिश की है:-

> *"समिति यह दोहराना चाहेगी कि सभी मंत्रालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सदन के समक्ष रखे जाने वाले सभी 'आदेश' को यदि सदन सत्र में हो तो राजपत्र में प्रकाशन के 15 दिनों की अवधि के अंदर सदन के समक्ष रखे जाएं, और यदि सदन सत्र में नहीं हो, तो 'आदेश' अनुगामी सत्र के प्रारंभ होने पर यथाशीघ्र (किंतु 15 दिनों के अंदर) सदन के पटल पर रखे जाएं।*
> *समिति चाहती है कि संबंधित मंत्रालय सदन के पटल पर ऐसे प्रत्येक 'आदेश' को रखने में हुए विलंब के कारणों को स्पष्ट करते हुए उन्हें प्रस्तुत करें।"*

26. संसदीय प्रक्रिया की नियम-पुस्तिका के पैरा 11.5.1 के अनुसार, प्रकाशन के बाद, नियमों आदि को यथासमय शीघ्र सभा पटल पर रखा जाएगा और, किसी भी अवस्था में 15 दिन (राष्ट्रपति

शासन के अधीन राज्य से संबंधित अधिसूचनाओं के मामले में 30 दिन) के भीतर ऐसा किया जाएगा और इस अवधि की गणना:

(क) यदि सदन का सत्र चल रहा हो तो सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशित किए जाने की तारीख से; अथवा

(ख) यदि सदन का सत्र नहीं चल रहा हो तो, अगले सत्र के प्रारंभ होने की तारीख से की जाएगी।

27. इस सचिवालय के दिनांक 25.06.2021, 17.08.2021, 25.10.2021, 10.11.2021, 09.12.2021, 30.05.2022 और 12.07.2022 के कार्यालय ज्ञापनों के द्वारा रक्षा मंत्रालय को मंत्रालय/विभाग/संगठन द्वारा प्रशासित विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत तैयार किए गए नियमों/विनियमों/संविधि/अध्यादेश आदि की स्थिति और इन्हें सभा पटल पर रखने से संबंधित ब्योरा प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। इसके उत्तर में, रक्षा मंत्रालय के रक्षा विभाग द्वारा प्रशासित किए जा रहे अधिनियमों से संबंधित स्थिति ने केवल सशस्त्र बल न्यायाधिकरण अधिनियम, 2007 और छावनी अधिनियम, 2006 के अंतर्गत नियमों सभा पटल पर रखने के संबंध में निम्नवत् बताया:-

<u>सशस्त्र बल न्यायाधिकरण अधिनियम, 2007</u>

"सशस्त्र बल न्यायाधिकरण अधिनियम, 2007 के तहत समूह-क, समूह-ख, समूह-ग और लेखा संवर्ग पदों के लिए भर्ती नियम बनाए गए और उसके बाद बजट सत्र, 2022 संसद में प्रस्तुत किए गए । हालांकि समूह-ग के लिए भर्ती नियम, 2013 में, समूह-ख और ग के लिए 2018 में और लेखा संवर्ग के लिए 2019 में बनाए गए थे, जिन्हें संसद में प्रस्तुत करने में देरी हुई थी । माननीय रक्षा राज्य मंत्री द्वारा उक्त मामले में विलंब के लिए छूट प्राप्त करने पर मंत्रालय ने ये भर्ती नियम जनवरी, 2022 में प्रस्तुत किए थे।"

<u>छावनी अधिनियम, 2006</u>

"छावनी अधिनियम, 2006 के तहत बनाए जाने के लिए अपेक्षित सभी 13 नियमों/विनियमों को बनाया गया है और उन्हें माननीय रक्षा राज्य मंत्री के 'विलंब वक्तव्य' के साथ जहां कहीं भी लागू हो, इसके विलंब के कारण बताते हुए संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत किया गया है।"

<u>सिफारिशें/ टिप्पणियां</u>

28. रक्षा मंत्रालय से इस सचिवालय के कार्यालय ज्ञापन <u>के माध्यम से</u> अनुरोध किया गया था, जैसा कि ऊपर पैरा 27 में उल्लेख किया गया है और दिनांक 29.11.2022 को रक्षा विभाग द्वारा ब्रीफिंग लेते समय भी अनुरोध किया गया था कि वह अन्य जानकारी के अलावा, प्रत्येक अधिनियम के तहत अधिसूचित सभी नियमों, विनियमों, अधिसूचनाओं को दोनों सदनों में रखे जाने की तिथियां उपलब्ध कराए। समिति इस बात पर नोट करके चिंतित है कि अधिनियमों के तहत तैयार किए गए सभी नियमों को रखे जाने करने का विवरण प्रस्तुत करते समय, रक्षा विभाग ने केवल सशस्त्र बल अधिकरण अधिनियम, 2007 और छावनी अधिनियम, 2006 के तहत दोनों सदनों के सभा पटल पर रखे जाने वाले नियमों की स्थिति के बारे में जानकारी प्रस्तुत की थी। उपलब्ध कराई गई जानकारी अधूरी थी क्योंकि इन दोनों अधिनियमों के तहत बनाए गए नियमों/विनियमों का उल्लेख नहीं

किया गया था। इसके अलावा, सशस्त्र बल अधिकरण अधिनियम, 2007 के संबंध में विभाग ने समूह 'क' 'ख' और 'ग' और लेखा संवर्ग के पदों के लिए केवल भर्ती नियमों को रखे जाने के विवरण के बारे में जानकारी प्रदान की थी। अधिनियम की धारा 41 के तहत बनाए जाने हेतु अपेक्षित अन्य नियमों को रखे जाने से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई थी।

29. समिति इस बात पर नोट करके स्तब्ध है कि विभाग द्वारा प्रदान की गई सीमित जानकारी कि मंत्रालय ने सशस्त्र बल अधिकरण अधिनियम, 2007 के तहत वर्ष 2013, 2018 और 2019 में अधिसूचित भर्ती नियमों को सभा पटल में रखने में 3 से 9 वर्ष का विलम्ब हुआ था क्योंकि यह सभी नियम, 2022 में सभा पटल पर रखे गए थे। विभाग ने केवल यह उल्लेख किया था कि इन नियमों को चूक वश समय पर संसद के समक्ष नहीं रखा जा सका।

30. इस प्रकार, समिति इस प्रकार के विलंब को नोट करती है और उसका मत है कि समय पर 'आदेश' तैयार करने और सभा पटल पर रखने से संबंधित मामलों के संबंध में विभाग द्वारा ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। समिति का यह दृढ़ मत है कि यदि नियमों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभा पटल पर नहीं रखा जाता है, तो इसे प्रत्येक अधिनियम में उपबंधित सांविधिक दायित्व का उल्लंघन माना जाएगा। समिति का मत है कि रक्षा विभाग को समिति द्वारा बार-बार दोहराई जाने वाली सिफारिशों में यथा-निर्धारित और संसदीय प्रक्रिया नियमपुस्तिका में यथा विहित समय-सीमा का कड़ाई से पालन करना चाहिए जिसमें इस बात पर बार-बार बल दिया गया है कि नियमों/विनियमों को अधिसूचित किए जाने के 15 दिनों की अवधि (कोई भी राज्य जहां राष्ट्रपति शासन लागू हो उनके मामले में 30 दिन) के भीतर सदनों के सभा पटल पर रखा जाना चाहिए। समिति यह भी चाहती है कि विभाग, 'आदेशों' को संसद के समक्ष रखने के लिए एक त्रुटिरहित प्रणाली विकसित करे, ताकि इस तरह के अनुचित विलंब की पुनरावृत्ति न हो। समिति चाहती है कि विभाग, भविष्य में इस प्रकार के विलंब से बचने के लिए मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों से अवगत कराए।

31. समिति, विभाग को उसके अधीनस्थ कार्यालय द्वारा प्रशासित/कार्यान्वित किए जा रहे प्रत्येक अधिनियम के तहत अधीनस्थ विधान तैयार करने, उसे अधिसूचित करने और सभा पटल पर रखने के संबंध में आंकड़ों का संकलन करने और प्रतिवेदन को सभा पटल पर रखे जाने के छह माह के भीतर समिति द्वारा विचार करने के लिए निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने की सिफारिश करती है।

ङ. <u>रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903 के अंतर्गत तैयार किए गए नियम/विनियम</u>

32. विभाग ने दिनांक 26.11.2022 के पृष्ठभूमि टिप्पण में रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903 के उद्देश्य के बारे में निम्नवत् बताया:-

"इस अधिनियम का उद्देश्य रक्षा कार्यों के आसपास के क्षेत्र में भूमि के उपयोग और लाभ पर प्रतिबंध लगाना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्यों/ रक्षा के कार्यों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवास, निर्माण और अन्य गतिविधियों को एक तरह से सुगम बनाया जा सके। और साथ ही साथ रक्षा के कार्यों के आसपास बसने वाली आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित करना और दूसरी ओर संभावित प्रतिबंधों वाली ऐसी भूमि में रुचि रखने वाले व्यक्तियों को उचित मुआवजे का भुगतान करना।"

33. रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903 की धारा 44 में नियम बनाने की शक्ति निर्धारित की गई है, जो निम्नवत् है**:**

*"44. **नियम बनाने की शक्ति**—(1) [केन्द्रीय सरकार,] उन सभी बातों के बारे में जो इस अधिनियम के प्रवर्तन से संबंधित हैं अधिकारियों के मार्गदर्शन के लिए [नियम राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बना सकेगी]।*
(2) उपधारा (2) के अधीन नियम बनाने की शक्ति इस शर्त के अधीन होगी कि नियम पूर्व प्रकाशन के पश्चात् बनाए जाएं।

[(3) इस धारा के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र, संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल तीस दिन की अवधि के लिए रखा जाएगा। यह अवधि एक सत्र में अथवा दो या अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी। यदि उस सत्र के या पूर्वोक्त आनुक्रमिक सत्रों के ठीक बाद के सत्र के अवसान के पूर्व दोनों सदन उस नियम में कोई परिवर्तन करने के लिए सहमत हो जाएं तो तत्पश्चात् वह ऐसे परिवर्तित रूप में ही प्रभावी होगा। यदि उक्त अवसान के पूर्व दोनों सदन सहमत हो जाएं कि वह नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात् वह निष्प्रभाव हो जाएगा। किन्तु नियम के ऐसे परिवर्तित या निष्प्रभाव होने से उसके अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।]"

34. विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई पृष्ठभूमि सामग्री में यह देखा गया है कि रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903 के अंतर्गत कोई नियम तैयार नहीं किया गया है।

35. जब रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903 के अंतर्गत नियम तैयार नहीं किए जाने के कारणों के बारे में पूछा गया, तो विभाग के प्रतिनिधियों ने दिनांक 29.11.2022 को संक्षिप्त जानकारी के लिए आयोजित बैठक के दौरान समिति को निम्नवत् बताया:-

"रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903 अत्यंत पुराना अधिनियम है और इसे ब्रिटिश काल के दौरान अधिसूचित किया गया था, साथ ही यह एक अत्यंत विस्तृत विधान है। इसके लिए कोई नियम तैयार करने की आवश्यकता नहीं थी। इसलिए, कोई नियम तैयार नहीं किया गया।"

<u>सिफारिशें/ टिप्पणियां</u>

36. समिति नोट करती है कि रक्षा मंत्रालय में रक्षा विभाग ने अपने पृष्ठभूमि टिप्पण में यह उल्लेख किया है कि अधिनियम का उद्देश्य रक्षा संकर्मों के आसपास की भूमि के उपयोग करने और उसका लाभ उठाने पर प्रतिबंध लगाना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एक ओर निवास, निर्माण और अन्य क्रियाकलापों को इस प्रकार सुकर बनाया जा सके जिससे रक्षा संकर्म/ संकर्मों की सुरक्षा तथा संरक्षा सुनिश्चित की जा सके और वहीं

दूसरी ओर लगाए जाने वाले औचित्यपूर्ण प्रतिबंध के कारण ऐसी भूमि के इच्छुक व्यक्तियों को उचित मुआवजे का भुगतान किया जा सके।

37. समिति आगे नोट करती है कि रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903 की धारा 44, केंद्र सरकार को इस अधिनियम के प्रवर्तन से संबंधित सभी मामलों में अधिकारियों के मार्गदर्शन के लिए नियम बनाने हेतु शक्तियां प्रदान करती है। तथापि, विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई पृष्ठभूमि सामग्री से यह पाया गया है कि रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903 के अंतर्गत इस आधार पर कोई नियम नहीं बनाया गया है कि रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903, वर्ष 1903 का एक पुराना अधिनियम है जिसे ब्रिटिश काल के दौरान अधिसूचित किया गया था और यह एक बहुत व्यापक विधान है जिसमें किसी नियम को तैयार किए जाने की आवश्यकता नहीं थी। इसलिए, कोई नियम नहीं बनाए गए थे।

38. तथापि, समिति रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903 के अंतर्गत अधीनस्थ विधान तैयार नहीं किए जाने के लिए विभाग द्वारा दिए गए इस औचित्य से सहमत नहीं है कि यह विधान अत्यंत विस्तृत और पुराना है, अतः इसके लिए कोई नियम तैयार करने की आवश्यकता नहीं है। समिति की राय है कि रक्षा संकर्म अधिनियम, 1903, 120 वर्ष पुराना अधिनियम है, जिसे अंतिम बार वर्ष 1974 में संशोधित किया गया था, जिसके अंतर्गत अधिनियम की धारा 44 के तहत, अधिनियम के प्रवर्तन से संबंधित सभी मामलों में अधिकारियों के मार्गदर्शन के लिए आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा केंद्र सरकार के लिए नियम तैयार करने हेतु उपबंध को शामिल किया गया था।

39. समिति का मत है कि पिछले 120 वर्षों की अवधि में कुछ रक्षा प्रतिष्ठानों में और उनके आसपास की स्थिति में पर्याप्त परिवर्तन हुआ है, और संपत्ति विस्तार में वृद्धि के कारण, कुछ क्षेत्रों में बस्तियां पुराने रक्षा प्रतिष्ठानों, जिन्हें एक सदी पूर्व गहन जंगल या मानव बस्तियों से दूर खाली भूमि में स्थापित किया गया था, के अत्यंत निकट आ गई हैं। ऐसे परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए, मंत्रालय को समय-समय पर नागरिकों पर लगाए जाने वाले प्रतिबंधों में संशोधन करना चाहिए था और समय के साथ तालमेल रखने के लिए इससे संबंधित दिशा-निर्देशों और निदेशों आदि में भी संशोधन करना चाहिए था। अतः, समिति का यह दृढ़ मत है कि एक सदी से अधिक समय में हुए ऐसे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों को ध्यान में रखने के लिए, विभाग इस सदी पुराने अधिनियम की समीक्षा करने और ऐसे परिवर्तनों का समाधान करने के लिए उपयुक्त उपबंधों को शामिल करते हुए नियम तैयार करने का कार्य कर सकता है तथा कार्यकारी अनुदेशों या परिपत्रों या दिशा-निर्देशों को जारी करके अपेक्षित अधीनस्थ विधान तैयार करने से बच सकता है।

40. समिति का यह भी मत है कि यदि संसद द्वारा पारित अधिनियम में अधीनस्थ विधान तैयार करने का उपबंध किया गया है, तो इसे निर्धारित समयावधि के भीतर तैयार कर लिया जाना चाहिए और यदि विभाग इसके लिए नियम/विनियम तैयार करने की आवश्यकता महसूस नहीं करता है, तो ऐसे मामलों में, मंत्रालय को विधि और न्याय मंत्रालय से परामर्श करना चाहिए और यदि विधि और न्याय मंत्रालय भी संबंधित विभाग के मत से सहमत है तो

विभाग को दोनों सभाओं के पटल पर एक विवरण प्रस्तुत करना चाहिए, जिसमें उन कारणों को रेखांकित किया जाना चाहिए कि विभाग उक्त अधिनियम के उपबंध के अंतर्गत अधीनस्थ विधान तैयार करने की आवश्यकता महसूस क्यों नहीं करता है। समिति मंत्रालय से सिफारिश करती है कि वह तदनुसार कार्रवाई करे और सभा में इस प्रतिवेदन को प्रस्तुत किए जाने के 6 माह के भीतर समिति को इस संबंध में की-गई-कार्रवाई से अवगत कराए।

च. <u>छावनी अधिनियम, 2006 के अंतर्गत तैयार किए गए नियम/विनियम</u>

41. विभाग ने दिनांक 26.11.2022 के अपने पृष्ठभूमि टिप्पण में छावनी अधिनियम**,** 2006 के उद्देश्य के बारे में निम्नवत् बताया:-

> *"यह अधिक से अधिक लोकतंत्रीकरण प्रदान करने, विकासात्मक गतिविधियों हेतु प्रावधान बनाने के लिए उनके वित्तीय आधार में सुधार और उससे जुड़े या प्रासंगिक मामलों के लिए छावनियों के प्रशासन से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करने के लिए एक अधिनियम है।"*

42. छावनी अधिनियम, 2006 के अंतर्गत तैयार किए गए नियमों/विनियमों के संबंध में विभाग ने निम्नवत् बताया:-

> *"छावनी अधिनियम, 2006 के तहत कुल 13 नियम/विनियम बनाने की आवश्यकता थी और सभी नियमों/विनियमों को संसद के दोनों सदनों में तैयार किया गया और सभा पटल पर रखा गया। संसद में सभी 13 नियमों को रखे जाने की नवीनतम स्थिति (अनुबंध–ञ) संलग्न है।"*

43. तथापि, अनुबंध-ञ के अवलोकन पर यह पाया गया कि छावनी अधिनियम, 2006 के अंतर्गत विनियमों को तैयार किए जाने और उन्हें सभा पटल पर रखे जाने की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए विभाग ने निम्नवत् बताया:

> *"यह सूचित किया जाता है कि छावनी अधिनियम, 2006 के अंतर्गत केवल विनियम तैयार किए जाने अपेक्षित हैं। यह भी सूचित किया जाता है कि छावनी अधिनियम, 2006 के लागू होने से पहले छावनी बोर्डों द्वारा बनाए गए विनियम अभी भी लागू हैं और उक्त अधिनियम की धारा 360(2) के अनुसार उक्त अधिनियम के उपबंधों के अंतर्गत बनाए गए माने जाते हैं।"*

44. मंत्रालय ने छावनी अधिनियम, 2006 की क्रमशः धारा 348 और 350(4) के अंतर्गत बोर्ड द्वारा उपनियम तैयार करने और उन्हें दोनों सदनों में रखने से संबंधित स्थिति के बारे में नहीं बताया है।

<u>सिफारिशें/ टिप्पणियां</u>

45. समिति नोट करती है कि रक्षा विभाग ने अपने पृष्ठाधार टिप्पण में बताया है कि छावनी अधिनियम, 2006 के अंतर्गत कुल 13 नियमों को बनाने की आवश्यकता थी और सभी को बना लिया गया है और संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखा जा चुका है। विनियमों को बनाए जाने की स्थिति के संबंध में, विभाग ने बताया कि छावनी अधिनियम, 2006 के अंतर्गत केवल व्यावसायिक विनियमों को बनाए जाने की आवश्यकता है। आगे

यह सूचित किया गया है कि छावनी अधिनियम, 2006 के लागू होने से पूर्व छावनी बोर्डों द्वारा बनाए गए व्यवसाय विनियम लागू रहेंगे क्योंकि उक्त अधिनियम की धारा 360 (2) (क) के अनुसार अधिनियम के उपबंधों के अंतर्गत बने हुए माने गए हैं (अनुबंध–ञ)। विभाग ने छावनी अधिनियम, 2006 की क्रमशः धारा 348 और 350(4) के अनुसार बनाए गए और संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखे उपनियम की स्थिति स्पीष्ट, नहीं की।

46. शुरू में छावनी क्षेत्र शहरों से काफी दूरी पर बनाए गए थे, जो एक शांतिपूर्ण और रमणीय जीवन शैली प्रदान करते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय के साथ शहरों का विकास हुआ और उनका विस्तार हुआ, उन्होंने इनमें से अधिकांश छावनियों पर अतिक्रमण कर लिया, जिसके परिणामस्वरूप उनमें भीड़भाड़ और प्रद्रूषण बढ़ गया तथा उनके भीतर नागरिक क्षेत्र अनियोजित रूप से विकसित हो गए। परिणाम यह निकला कि इससे जनसंख्या विस्फोट, संपत्तियों के व्यावसायीकरण, तथा सरकार और स्थानीय निवासियों के बीच भूमि पट्टा समझौते की समाप्ति जैसे कई मुद्दे पैदा हो गए। जब तक इन पट्टों को नवीनीकृत नहीं किया जाता है या फ्रीहोल्ड खरीद की अनुमति नहीं दी जाती है, तब तक अनाधिकृत निर्माण के मुद्दे सामने आते रहेंगे, जो अंततः अदालतों में पहुँच जाएंगे। इन समस्याओं के निराकरण के लिए छावनी अधिनियम, 2006 अधिनियमित किया गया, जिसने 1924 के पूर्ववर्ती छावनी अधिनियम को बदल दिया। नए अधिनियम का उद्देश्य व्यापक लोकतंत्रीकरण प्रक्रिया शुरू करना और छावनियों में विकासात्मक गतिविधियां बढ़ाने के लिए वित्तीय आधार में सुधार करना है।

47. समिति आगे नोट करती है कि छावनियों के प्रशासन से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करने की प्रक्रिया में, छावनी अधिनियम, 2006 में कुछ नए उपबंध जोड़े गए थे। जिसके परिणामस्वरूप धाराओं की व्यवस्था बदल दी गई है और जो उपबंध छावनी अधिनियम, 1924 की धारा 44 के अंतर्गत विनियम बनाने की शक्ति प्रत्यायोजित करता हैं अब छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 48 के अंतर्गत आ गया है जो अब निम्नवत पढ़ा जाएगा:-

> "48. विनियम बनाने की शक्ति-(1) बोर्ड इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों से संगत, निम्नलिखित में सभी या उनमें से किन्हीं के लिए विषयों का उपबन्ध करने के लिए विनियम बना सकेगा, अर्थात्ः-
>
> (क) उसके अधिवेशनों का समय और स्थान;
>
> (ख) वह रीति, जिससे अधिवेशन की सूचना दी जाएगी;
>
> (ग) अधिवेशनों में कार्यवाहियों का संचालन तथा अधिवेशनों का स्थगन;
>
> (घ) बोर्ड की सामान्य मुद्रा की अभिरक्षा तथा वे प्रयोजन जिसके लिए वह काम में लाई जाएगी; तथा
>
> (ङ) किसी प्रयोजन के लिए समितियों की नियुक्ति तथा ऐसी समितियों के गठन और प्रक्रिया से संबंधित सब विषयों का अवधारण तथा इस अधिनियम के अधीन बोर्ड की शक्तियों या कर्तव्यों में से विनियमों या उपविधियों को बनाने की शक्तियों के सिवाय किन्हीं का, ऐसी किन्हीं शर्तों पर जो बोर्ड अधिरोपित करना ठीक समझता है ऐसी समितियों को प्रत्यायोजन"

48. समिति नोट करती है कि छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 39, 47, 67 और 204 के उपबंधों के अनुसार विनियम बनाने के लिए निम्नवत पढ़ा जाए-:

"39. (1) प्रत्येक बोर्ड मास में कम से कम एक बार अपने कारबार का संव्यवहार ऐसे दिन करेगा जो अध्यक्ष और उसकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष द्वारा नियत किया जाए और उसकी सूचना ऐसी रीति में दी जाएगी जो इस अध्याय के अधीन बोर्ड द्वारा बनाए गए विनियमों में उपबन्धित की जाए।

(2) और (3) X X X

47. (1) किसी छावनी में धारा 12 के अधीन गठित प्रत्येक बोर्ड, एक समिति को नियुक्त करेगा जो, बोर्ड के निर्वाचित सदस्यों, इस अधिनियम की धारा 46 के अधीन यथा अधिसूचित छावनी में सिविल क्षेत्र के प्रशासन के लिए स्वास्थ्य अधिकारी और कार्यपालक इंजीनियर से मिलकर बनेगी तथा धारा 48 की उपधारा (1) के खण्ड (ङ) में उपबन्धित रीति में अपनी शक्तियों और कर्तव्यों को ऐसी समिति को प्रत्यायोजित कर सकेगा ।

(2) और (3) X X X

67. फीस का प्रभारण-बोर्ड, इस अधिनिमय के प्रयोजनों के लिए, निम्नलिखित फीसें प्रभारित करेगा, अर्थात्:-

(क) से (च) X X X

(छ) ऐसी अन्य फीस जो बोर्ड विनियम द्वारा विहित करे।

204. सरकारी जल प्रदाय। —

(1) से (3) X X X

(4) बोर्ड, भूमिगत जल स्तर को संरक्षित रखने के लिए छावनी में खुदाई या बोर कुंओं के प्रयोग के लिए विनियम बना सकेगा।"

धारा 157(1)(ख) के अंतर्गत समादेशक अधिकारी के लिए एक उपबंध है कि वह आक्रमण या फैलने वाले रोगों की रोकथाम के लिए ऐसे अस्थायी विनियम बना सकेगा जिसका अनुपालन सर्व साधारण या सर्व साधारण के किसी वर्ग या अनुभाग द्वारा किया जाएगा। इसलिए, कोविड महामारी के समय, बोर्ड के समादेशक अधिकारी ने अस्थायी नियम बनाए होंगे।

